**Series D4BCA/4**

**SET-1**

प्रश्न-पत्र कोड **3/4/1**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (अ)
# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल **17** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड अ** और **खण्ड ब** । **खण्ड अ** में बहुविकल्पी/वस्तुपरक और **खण्ड ब** में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं ।*

*(iii) **खण्ड अ** में कुल **10** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 44 है । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(iv) **खण्ड ब** में कुल **7** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(v) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार ही लिखिए ।*

## खण्ड अ

## (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

भारत में फिलहाल बिजली का बहुत बड़ा संकट नहीं है, मगर भविष्य की ज़रूरतों और स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ने के संकल्पों के तहत केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी दी है । इस मिशन के माध्यम से भारत को ऊर्जा-स्वतंत्र बनाने, अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को कार्बन मुक्त करने और वैकल्पिक ईंधन के उत्पादन, उपयोग और निर्यात के एक वैश्विक केंद्र में बदलने की योजना है ।

इसमें संदेह नहीं कि विकास की राह पर तेज़ी से आगे बढ़ने की कोशिश करते भारत जैसे देशों के लिए ऊर्जा में स्वावलंबन हासिल करना सबसे बड़ी आवश्यकता है । हमें कारख़ाने लगाने, उत्पादन बढ़ाने, लाखों-करोड़ों युवाओं के लिए रोज़गार पैदा करने हैं । इसके लिए स्वच्छ ऊर्जा की आवश्यकता है क्योंकि देश में पेट्रोल-डीज़ल की बढ़ती हुई माँग की आपूर्ति हेतु करोड़ों रुपए प्रति वर्ष सरकार द्वारा खर्च किए जाते हैं । सौर-ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति हो रही है । इस प्रकार जनता को राहत दिलाते हुए ऊर्जा स्वावलंबन हासिल किया जा सकता है, बशर्ते कुछ ठोस योजनाओं पर सतर्कता से अमल किया जाए । विशेषकर यह देखते हुए कि हाइड्रोजन स्वच्छ ईंधन है और एक बार दक्षता हासिल होने के बाद इससे अनंत काल तक असीमित ऊर्जा पाई जा सकती है । मगर इसमें कुछ समस्याएँ भी हैं । मुख्य अड़चन इसके भंडारण की है । यह अत्यंत विस्फोटक होने के कारण दुर्घटना का कारण बन सकती है । उम्मीद है राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन में इससे जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान निकाल लिया जाएगा । मसलन हाइड्रोजन ईंधन को सस्ता करना । कोयले की उपलब्धता का भी फिलहाल कोई संकट नहीं है । मगर ऊर्जा की बढ़ती माँग कोयले के भविष्य को धुँधला कर देती है । ऐसे में बेहतर होगा कि या तो परमाणु बिजली की तरफ बढ़ा जाए या फिर हाइड्रोजन ईंधन समेत स्वच्छ ऊर्जा के अन्य विकल्प आज़माए जाएँ ।

(i) राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन का/के मुख्य उद्देश्य है/हैं, भारत को :

I. ऊर्जा क्षेत्र में स्वतंत्र बनाना

II. सर्वोच्च स्थान तक पहुँचाना

III. वैकल्पिक ईंधन का उत्पादन करना

**विकल्प :**

(A) I सही है । (B) II सही है ।

(C) II और III सही हैं । (D) I और III सही हैं ।

(ii) भारत को स्वच्छ ऊर्जा की आवश्यकता क्यों है ?

(A) उत्पादन बढ़ाने और रोज़गार पैदा करने के लिए

(B) स्वच्छ पर्यावरण को प्रोत्साहन देने के लिए

(C) युवा-पीढ़ी की आवश्यकताएँ पूरी करने के लिए

(D) वैश्विक माँग को पूरा करने के लिए

(iii) भारत अपने ऊर्जा-व्यय को किस प्रकार सीमित कर सकता है ?

(A) पेट्रोल-डीज़ल को प्रतिबंधित करके

(B) कम क़ीमत पर पेट्रोल-डीज़ल उपलब्ध करवाकर

(C) ऊर्जा स्वावलंबन हासिल करके

(D) अपने देश में पेट्रोल-डीज़ल पैदा करके

(iv) कौन-सा कथन अनुच्छेद के अनुरूप ***नहीं*** है ?

(A) मिशन सभी समस्याओं का समाधान खोज लेगा ।

(B) कोयले से प्राप्त बिजली सहज उपलब्ध है ।

(C) स्वच्छ ऊर्जा के अन्य विकल्प खोजने चाहिए ।

(D) परमाणु बिजली को छोड़ देना चाहिए ।

(v) कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :

*कथन* : केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी दी है ।

*कारण* : भविष्य की ज़रूरतों को पूरा करने और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए ज़रूरी है ।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(D) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

हे ग्राम देवता ! नमस्कार !
सोने-चाँदी से नहीं किंतु
तुमने मिट्‌टी से किया प्यार ।
हे ग्राम देवता ! नमस्कार !

जन कोलाहल से दूर कहीं
एकाकी सिमटा-सा निवास,
रवि-शशि का उतना नहीं कि
जितना प्राणों का होता प्रकाश ।
श्रम-वैभव के बल पर करते हो,
जड़ में चेतन का विकास,
दानों-दानों में फूट रहे,
सौ-सौ दानों के हरे हास ।
यह है न पसीने की धारा,
यह गंगा की है धवल धार ।
हे ग्राम देवता ! नमस्कार !

अधखुले अंग जिनमें केवल है
कसे हुए कुछ अस्थि-खंड
जिनमें दधीचि की हड्डी है,
यह वज्र इंद्र का है प्रचंड !
जो है गतिशील सभी ऋतु में
गर्मी, वर्षा हो या कि ठंड ।
जग को देते हो पुरस्कार,
देकर अपने को कठिन दंड !
झोंपड़ी झुकाकर तुम अपनी,
ऊँचे करते हो राज-द्वार !
हे ग्राम देवता ! नमस्कार !

(i) 'किसान स्वयं छोटे-से घर में संतुष्ट रहता है ।' — यह भाव किन पंक्तियों में आया है ?

(A) सोने-चाँदी से नहीं किंतु
तुमने मिट्टी से किया प्यार ।

(B) जन कोलाहल से दूर कहीं
एकाकी सिमटा-सा निवास ।

(C) रवि-शशि का उतना नहीं कि
जितना प्राणों का होता प्रकाश ।

(D) जो है गतिशील सभी ऋतु में
गर्मी, वर्षा हो या कि ठंड ।

(ii) किसान को कवि ने 'देवता' क्यों कहा है ?

(A) गर्मी-सर्दी सभी ऋतुओं में कठोर परिश्रम करने के कारण
(B) ऊँचे-ऊँचे राज-प्रासादों में रहने वालों का पेट भरने के कारण
(C) सोने-चाँदी के स्थान पर मिट्टी से प्रेम करने के कारण
(D) अपने श्रमबल से अन्न उपजा कर संसार का पेट भरने के कारण

(iii) किसान के परिश्रम का परिणाम है :

(A) गंगा की धारा का धवल होना
(B) खेतों में चहल-पहल होना
(C) ऊसर भूमि का हरे-भरे खेतों में बदलना
(D) पसीने का वर्षा में बदलना

(iv) अंतिम पद में किसान की कौन-सी विशेषताओं का वर्णन है ?

(A) सहनशीलता – उदारता
(B) अहिंसक – सत्यवादी
(C) कर्मठ – प्रतिभाशाली
(D) दानवीर – विश्वसनीय

(v) कथन और कारण पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनिए :

*कथन* : किसान को किसी तरह का लालच नहीं है ।

*कारण* : किसान धन-दौलत से ऊपर उठकर मिट्टी से प्रेम करता है । मिट्टी ही उसका जीवन है ।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(B) कथन सही है, किंतु कारण ग़लत है ।

(C) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

(D) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

**3.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) महावीर प्रसाद द्विवेदी केवल एक व्यक्ति नहीं थे वे एक संस्था थे — इस वाक्य का सरल वाक्य होगा :

(A) जो महावीर प्रसाद द्विवेदी थे वे केवल एक व्यक्ति नहीं संस्था थे ।

(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी केवल एक व्यक्ति नहीं थे बल्कि वे एक संस्था थे ।

(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी केवल एक व्यक्ति नहीं थे परंतु वे एक संस्था थे ।

(D) महावीर प्रसाद द्विवेदी केवल एक व्यक्ति न होकर संस्था थे ।

(ii) जिस टोली के अधिक बच्चे खिंच जाते हैं उस टोली की हार होती है । — इस वाक्य का संयुक्त वाक्य होगा :

(A) अधिक बच्चे खिंच जाने पर टोली की हार होती है ।

(B) टोली के अधिक बच्चे खिंच जाते हैं इसलिए टोली की हार होती है ।

(C) जब टोली के अधिक बच्चे खिंच जाते हैं तो टोली की हार होती है ।

(D) वह टोली हार जाती है जिसके अधिक बच्चे खिंच जाते हैं ।

(iii) निम्नलिखित में मिश्र वाक्य है :

(A) आज सुबह पापा ने जल्दी से मुझे उठाया और ओले दिखाए ।

(B) आज सुबह पापा ने मुझे जल्दी उठाकर ओले दिखाए ।

(C) अभी तक कोई बच्चा खेलने नहीं निकला ।

(D) हमने देखा कि सामने वाले मैदान में हरी-हरी घास पर ओले गिर रहे थे ।

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाला विकल्प चुनकर लिखिए :

I. पापा ने दीदी को भी उठाया ।

II. चिड़िया भाग रही थी और कौए परेशान थे ।

III. दोपहर को जब धूप निकली तब हम खेलने निकले ।

IV. बारिश हो रही थी लेकिन ओले गिरने बंद हो गए थे ।

**विकल्प :**

(A) I और II

(B) II और III

(C) II और IV

(D) I और IV

(v) स्तंभ-I को स्तंभ-II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन करके लिखिए :

| | *स्तंभ-I* | | *स्तंभ-II* |
|---|---|---|---|
| 1. | आज मेरा नया पेंसिल बॉक्स आया है । | (I) | मिश्र वाक्य |
| 2. | उसने बताया कि चिड़िया उड़ गई । | (II) | संयुक्त वाक्य |
| 3. | पेड़ काँप रहे थे और बिजली चमक रही थी । | (III) | सरल वाक्य |

**विकल्प :**

(A) 1-(I), 2-(II), 3-(III)

(B) 1-(III), 2-(I), 3-(II)

(C) 1-(II), 2-(III), 3-(I)

(D) 1-(II), 2-(I), 3-(III)

**4.** निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) 'अध्यापक ने बराबर के फासले पर दो पंक्तियाँ खींची ।' इसका शुद्ध कर्मवाच्य होगा :

(A) अध्यापक द्वारा बराबर के फासले पर दो पंक्तियाँ खींची गईं ।

(B) अध्यापक बराबर के फासले पर दो पंक्तियाँ खींचेंगे ।

(C) अध्यापक से बराबर के फासले पर दो पंक्तियाँ खींची जाएँगी ।

(D) अध्यापक बराबर के फासले पर दो पंक्तियाँ खींच रहे हैं ।

(ii) 'उससे वहाँ बैठा नहीं गया ।' वाक्य का वाच्य है :

(A) कर्तृवाच्य

(B) कर्मवाच्य

(C) भाववाच्य

(D) कर्तृवाच्य और भाववाच्य दोनों

(iii) 'एक चिड़िया हमारी खिड़की पर डरी-डरी बैठी थी ।' यह वाक्य उदाहरण है :

(A) भाववाच्य का

(B) कर्तृवाच्य का

(C) कर्मवाच्य का

(D) विचारवाच्य का

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में भाववाच्य के उदाहरण पहचानकर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाला विकल्प चुनकर लिखिए :

I. हम मिट्टी के गोले बनाकर सुखा देते हैं ।

II. हम उन पर पेंटिंग करते हैं ।

III. मुझसे अब चला जाता है ।

IV. चिड़िया से उड़ा जाता है ।

**विकल्प :**

(A) I और II

(B) II और III

(C) III और IV

(D) I और IV

(v) स्तंभ-I को स्तंभ-II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन करके लिखिए :

| | *स्तंभ-I* | | *स्तंभ-II* |
|---|---|---|---|
| 1. | नागार्जुन को सम्मानित किया गया । | (I) | भाववाच्य |
| 2. | माँ से खड़ा नहीं हुआ जाता । | (II) | कर्तृवाच्य |
| 3. | नागार्जुन 'यात्री' नाम से प्रतिष्ठित हैं । | (III) | कर्मवाच्य |

**विकल्प :**

(A) 1-(I), 2-(II), 3-(III)

(B) 1-(III), 2-(II), 3-(I)

(C) 1-(II), 2-(I), 3-(III)

(D) 1-(III), 2-(I), 3-(II)

**5.** निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पदों में से किन्हीं ***चार*** पदों के पद-परिचय के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

मैथिलीशरण गुप्त को साहित्यिक योगदान के लिए अनेक पुरस्कार मिले और उन्हें सराहा भी गया ।

(i) मैथिलीशरण गुप्त

(A) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक

(B) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक

(C) भाववाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक

(D) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक

(ii) अनेक

(A) परिमाणवाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, पुरस्कार विशेष्य

(B) गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, पुरस्कार विशेष्य

(C) संख्यावाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, पुरस्कार विशेष्य

(D) संख्यावाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, पुरस्कार विशेष्य

(iii) मिले

(A) अकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, भूतकाल

(B) अकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, भूतकाल

(C) सकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, भूतकाल

(D) सकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, भूतकाल

(iv) उन्हें

(A) अन्यपुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

(B) अन्यपुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, आदरार्थक बहुवचन, कर्म कारक

(C) उत्तमपुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

(D) उत्तमपुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक

(v) <u>भी</u>

(A) निपात, 'सराहा' पर बल दे रहा है

(B) निपात, 'पुरस्कार' पर बल दे रहा है

(C) समानाधिकरण योजक, दो वाक्यों को जोड़ रहा है

(D) व्यधिकरण योजक, दो शब्दों को जोड़ रहा है

**6.** निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) 'सुबरन को ढूँढत फिरत कवि, व्यभिचारी, चोर ।' — में अलंकार है :

(A) श्लेष

(B) उत्प्रेक्षा

(C) अतिशयोक्ति

(D) मानवीकरण

(ii) 'प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दै ।' — में कौन-सा अलंकार है ?

(A) श्लेष

(B) उत्प्रेक्षा

(C) अतिशयोक्ति

(D) मानवीकरण

(iii) 'मानो माई घनघन अंतर दामिनी ।' — में कौन-सा अलंकार है ?

(A) श्लेष

(B) उत्प्रेक्षा

(C) अतिशयोक्ति

(D) मानवीकरण

(iv) 'जिस वीरता से शत्रुओं का सामना उसने किया । असमर्थ हो उसके कथन में मौन वाणी ने लिया ।' — में अलंकार निहित है :

(A) श्लेष

(B) उत्प्रेक्षा

(C) अतिशयोक्ति

(D) मानवीकरण

(v) निम्नलिखित में मानवीकरण अलंकार का उदाहरण है :

(A) तीन बेर खाती थीं वे तीन बेर खाती हैं ।

(B) विज्ञान यान पर चढ़ी सभ्यता डूबने जाती है ।

(C) संसार की समरस्थली में धीरता धारण करो ।

(D) कलियाँ दरवाजे खोल-खोल जब झुरमुट में मुस्काती हैं ।

**7.** निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

खेतीबारी करते, परिवार रखते भी, बालगोबिन भगत साधु थे – साधु की सब परिभाषाओं में खरे उतरने वाले । कबीर को 'साहब' मानते थे, उन्हीं के गीतों को गाते, उन्हीं के आदेशों पर चलते । कभी झूठ नहीं बोलते, खरा व्यवहार रखते । किसी से भी दो-टूक बात करने में संकोच नहीं करते, न किसी से खामखाह झगड़ा मोल लेते । किसी की चीज़ नहीं छूते, न बिना पूछे व्यवहार में लाते । इस नियम को कभी-कभी इतनी बारीकी तक ले जाते कि लोगों को कुतूहल होता ! – कभी वह दूसरे के खेत में शौच के लिए भी नहीं बैठते ! वह गृहस्थ थे; लेकिन उनकी सब चीज़ 'साहब' की थी । जो कुछ खेत में पैदा होता, सिर पर लादकर पहले उसे साहब के दरबार में ले जाते – जो उनके घर से चार कोस दूर पर था – एक कबीरपंथी मठ से मतलब ! वह दरबार में 'भेंट' रूप रख लिया जाकर 'प्रसाद' रूप में जो उन्हें मिलता, उसे घर लाते और उसी से गुज़र चलाते !

(i) कथन और कारण पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनिए :

*कथन* : बालगोबिन भगत साधु प्रकृति के थे ।

*कारण* : गृहस्थ होते हुए भी निर्मोही जीवन व्यतीत करते थे ।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है, किंतु कारण ग़लत है ।

(B) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

(D) कथन के लिए कारण सही व्याख्या नहीं है ।

(ii) इस गद्यांश में बालगोबिन भगत की किन विशेषताओं का उल्लेख किया गया है ?

(A) सत्यवादी, स्पष्टवक्ता, निष्ठावान

(B) सत्यवादी, साहसी, स्पष्टवादी

(C) निष्ठावान, जिज्ञासु, स्पष्टवादी

(D) कर्मठ, जिज्ञासु, निष्ठावान

(iii) बालगोबिन कबीर को अपना मानते थे :

(A) भाई

(B) मित्र

(C) पिता

(D) गुरु

(iv) बालगोबिन का कबीर को अपना 'आदर्श' मानने का आधार था, कबीर की :

(A) सत्यप्रियता और मधुर गायन

(B) गृहस्थ होते हुए भी साधु प्रवृत्ति

(C) स्पष्टवादिता और रूढ़ियों का विरोध

(D) गृहस्थ होते हुए संसार से विरक्ति

(v) निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गद्यांश के अनुरूप ***नहीं*** है ?

(A) बालगोबिन कबीर के आदेशों का पालन करते ।

(B) बिना अनुमति के किसी की वस्तु नहीं छूते ।

(C) दो-टूक बात करने में संकोच करते ।

(D) 'प्रसाद' से ही गुज़र-बसर करते ।

**8.** गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) 'नेताजी का चश्मा' पाठ का केन्द्र-बिंदु है :

(A) देशभक्ति

(B) दिव्यांग का साहस

(C) नेताजी का चश्मा

(D) नेताजी की मूर्ति

(ii) 'लखनवी अंदाज़' के लेखक ने यात्रा के लिए सेकंड क्लास का टिकट क्यों लिया ?

(A) लंबा सफ़र तय करना था

(B) पैसे अपेक्षाकृत कम लगते

(C) नई कहानी के बारे में सोच सकने के लिए

(D) नवाब साहब से दोस्ती करने के लिए

**9.** पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

लखन कहा हसि हमरे जाना । सुनहु देव सब धनुष समाना ।।
का छति लाभु जून धनु तोरें । देखा राम नयन के भोरें ।।
छुअत टूट रघुपतिहु न दोसू । मुनि बिनु काज करिअ कत रोसू ।।
बोले चितै परसु की ओरा । रे सठ सुनेहि सुभाउ न मोरा ।।
बालकु बोलि बधौं नहि तोही । केवल मुनि जड़ जानहि मोही ।।
बाल ब्रह्मचारी अति कोही । बिस्वबिदित क्षत्रियकुल द्रोही ।।

(i) पद्यांश में लक्ष्मण किन्हें संबोधित कर रहे हैं ?

(A) श्रीराम को

(B) राजा जनक को

(C) परशुराम को

(D) विश्वामित्र को

(ii) लक्ष्मण ने धनुष टूटने के लिए कौन-से तर्क दिए ?

I. सभी धनुष एक समान हैं ।

II. पुराना धनुष टूटने से क्या हानि, क्या लाभ ?

III. वह तो छूते ही टूट गया ।

IV. मुनिवर आप इतना क्रोध क्यों कर रहे हो ?

**विकल्प :**

(A) I, II, IV

(B) II, III, IV

(C) I, II, III

(D) I, III, IV

(iii) 'परशुराम ने अपने फरसे की ओर देखा' — इसका क्या भाव है ?

(A) उनका फरसा अति सुंदर है ।

(B) उनका फरसा उनका सहारा है ।

(C) वैसा फरसा किसी और के पास नहीं है ।

(D) वे कमज़ोर नहीं, फरसाधारी वीर हैं ।

(iv) परशुराम ने लक्ष्मण का वध न करने के लिए क्या तर्क दिया ?

(A) वे बालक का वध नहीं करेंगे ।

(B) वे मुनि हैं, अत: किसी का वध नहीं करेंगे ।

(C) वध करने के लिए उनका फरसा अनुपयुक्त है ।

(D) ऐसा उनका स्वभाव ही नहीं है ।

(v) परशुराम ने अपने परिचय में ***नहीं*** कहा :

(A) मैं निरा मुनि नहीं हूँ ।

(B) मैं अत्यधिक क्रोधी हूँ ।

(C) मैं बाल ब्रह्मचारी हूँ ।

(D) मैं बहुत विद्वान हूँ ।

**10.** पठित कविताओं के आधार पर बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिए : *2×1=2*

(i) 'उत्साह' कविता की विशेषताएँ हैं :

I. संबोधन शैली

II. खड़ी बोली

III. ब्रजभाषा

IV. संवाद शैली

**विकल्प :**

(A) I, II

(B) III, IV

(C) II, III

(D) I, IV

(ii) 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में कौन-सा भाव मुखरित होता है ?

(A) मैत्री

(B) व्यंग्य

(C) प्रेम

(D) वात्सल्य

## खण्ड ब

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'एक कहानी यह भी' से लिया गया 'निहायत असहाय मज़बूरी में लिपटा उनका यह त्याग कभी मेरा आदर्श नहीं बन सका ।' — यह कथन किसके लिए कहा गया है और क्यों ?

(ख) बिस्मिल्ला खाँ के जीवन में रसूलनबाई और बतूलनबाई का क्या महत्त्व है ?

(ग) कौसल्यायन जी ने 'संस्कृति' किसे कहा है ?

(घ) हम कैसे कह सकते हैं कि पानवाला कैप्टन का मित्र था ? 'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर लिखिए ।

**12.** निर्धारित कविताओं पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) उद्धव ने गोपियों को समझाने के लिए कौन-सा उपदेश दिया और गोपियों को वह पसंद क्यों नहीं आया ?

(ख) जयशंकर प्रसाद ने अपनी आत्मकथा न लिखने के क्या कारण गिनवाए हैं ?

(ग) 'मुख्य गायक-गायिकाओं की सफलता उनके संगतकारों पर निर्भर करती है ।' — स्पष्ट कीजिए ।

(घ) निराला ने फागुन मास के सौंदर्य का वर्णन किया है । आप फागुन में अपने आस-पास के सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

**13.** पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *2×4=8*

(क) 'माता का अँचल' पाठ में वर्णित बच्चों के खेल अलग थे और वर्तमान काल में अलग हैं । दोनों में भिन्नता का विवरण देते हुए अपने विचार भी लिखिए ।

(ख) 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ में जितेन ने पहाड़ी स्कूली बच्चों के बारे में क्या-क्या बताया ? आपकी दिनचर्या इन बच्चों से कितनी भिन्न है ? संक्षेप में लिखिए ।

(ग) अज्ञेय जी ने किसी रचना के लेखन के कौन-कौन से कारण गिनवाए हैं ? अपने लेखन के बारे में उन्होंने क्या कहा ? — स्पष्ट कीजिए ।

**14.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : *6*

(क) लड़की पढ़े तो घर शिक्षित हो जाए
संकेत-बिंदु
- आवश्यकता
- घर का शिक्षित होना
- समाज का शिक्षित होना

(ख) खेलें खेल, खेल-भावना से

संकेत-बिंदु

- खेल-भावना
- खेल अनुशासन की पहचान
- खेल वही जो मेल बढ़ाए

(ग) विज्ञान के बढ़ते क़दम

संकेत-बिंदु

- हर तरफ़ विज्ञान का बोलबाला
- सहज जीवन
- वैज्ञानिक उड़ान

**15.** (क) आप दीप्ति/प्रदीप हैं । अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को क्रिकेट प्रशिक्षक (कोच) की व्यवस्था करवाने हेतु लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) आप मोहिनी/मोहित हैं । आपकी दादी का नया काव्य-संग्रह 'कुदरत की लय' हाल ही में प्रकाशित हुआ है । उन्हें बधाई देते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए । *5*

**16.** (क) आप विवेक/वल्लरी हैं । आपके पड़ोस के विद्यालय में हिन्दी शिक्षक के लिए पद रिक्त है । आप उक्त पद की योग्यता, एम.ए. (हिन्दी), बी.एड. को धारण करते हैं । उक्त पद के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य को आवेदन भेजने के लिए लगभग 80 शब्दों में एक संक्षिप्त स्ववृत्त लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) आप दिनेश/सृष्टि हैं । आपके मुहल्ले में पानी की आपूर्ति बाधित है, अत: जल उपलब्ध कराने के लिए जल आपूर्ति-विभाग के अध्यक्ष को लगभग 80 शब्दों में शिकायती ई-मेल लिखिए । *5*

**17.** (क) आप रूपेंद्र/रूपा हैं । आप अपनी पुरानी साइकिल बेचना चाहते हैं । उससे संबंधित जानकारी देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) आप शिक्षा/विदित हैं । अपनी मित्र स्नेहा को बैडमिंटन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने के लिए लगभग 40 शब्दों में एक बधाई-संदेश लिखिए । *4*

अंकन योजना
अत्यंत गोपनीय (केवल आंतरिक और सीमित प्रयोग हेतु)
सेकेंडरी स्कूल परीक्षा **2024**
कक्षा- **10** वीं हिंदी **(A)**, कोड- **002**
प्रश्न पत्र कोड **3/4/1**

सामान्य निर्देश:

1.आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी सी भूल भी गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा व्यवस्था और अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। गलतियों से बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है। आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन और कई अन्य पहलुओं से संबंधित होने की वजह से मूल्यांकन की गोपनीयता अनिवार्य है। किसी भी प्रकार से इसके सार्वजनिक होने या 'लीक' होने पर परीक्षा व्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है जिससे लाखों उम्मीदवारों का जीवन और भविष्य प्रभावित हो सकता है। इस नीति/दस्तावेज को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना भारतीय दंड संहिता (IPC) के तहत कार्रवाई को आमंत्रित कर सकता है।

3. मूल्यांकन अंकन योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंकन योजना का अनुपालन समग्रतापूर्वक और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय, जो उत्तर नवीनतम जानकारी या ज्ञान पर आधारित या अभिनव हैं (innovative), उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए उचित अंक दिए जा सकते हैं। कक्षा दसवीं के प्रश्न पत्र में दिए गए दो दक्षता आधारित (competency based) प्रश्नों का मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर चाहे अंकन योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों, तब भी यदि उन्होंने सही दक्षताओं को व्यक्त किया हो तो उन्हें उचित अंक दिए जाने चाहिए।

4. अंकन योजना में उत्तरों के लिए केवल बिंदु सुझाए जाते हैं। ये बिंदु प्रकृति में केवल दिशानिर्देशों की भाँति होते हैं और पूरे उत्तर का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। विद्यार्थी अपनी शैली में उत्तर दे सकते हैं और यदि उनकी अभिव्यक्ति सही है, तो उसके अनुसार उचित अंक दिए जाने चाहिए।

5. अंकन योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया गया है, यह सुनिश्चित करने के लिए मुख्य परीक्षक पहले दिन प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता द्वारा जाँची गई पहली पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें। यदि कोई अंतर है, तो विचार-विमर्श और चर्चा के बाद वह समाप्त /शून्य हो जाना चाहिए। परीक्षकों को मूल्यांकन के लिए शेष उत्तरपुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब मुख्य परीक्षक आश्वस्त हो कि मूल्यांकनकर्ताओं के अंकन में बहुत अधिक भिन्नता नहीं है।

6. मूल्यांकनकर्ता सही उत्तर पर सही का निशान (✔) लगाएँ। गलत उत्तर के लिए गलत का चिह्न ( x ) लगाएँ। मूल्यांकनकर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा लगता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए हैं। यह मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा की जाने वाली सबसे आम गलती है।

7. यदि किसी प्रश्न के उपभाग भी हों, तो कृपया प्रश्नों के प्रत्येक उपभाग के उत्तर पर दाईं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में, उस प्रश्न के सभी उपभागों के इन अंकों का योग बाईं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

8. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो, तो बाईं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

9. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी एक को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उन्हीं पर अंक दें और अन्य उत्तर को काटकर उस पर 'अतिरिक्त प्रश्न' लिख दें।

10. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो हर बार उसके अंक न काटें। एक जैसी त्रुटि के लिए अंक एक बार ही काटे जाएँ।

11. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0-80 (उदाहरण के लिए प्रश्न-पत्र में दिए अधिकतम अंकों के अनुसार 0 से 80/70/60/50/40/30 अंक) का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

12. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता को पूर्ण कार्य अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की 20 उत्तर पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। ( विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

13. नीचे कुछ सामान्य त्रुटियों की सूची दी गई है जिन्हें पिछले वर्षों में मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किया जाता रहा है। यह सुनिश्चित करें कि आप इस प्रकार की त्रुटियाँ न करें–

- उत्तरपुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक दे देना
- उत्तर के लिए दिए गए अंकों का योग ठीक न होना
- उत्तरपुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि
- आवरण पृष्ठ पर दो कॉलम के अंकों का योग करने में अशुद्धि
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- प्राप्तांकों को संख्याओं और शब्दों में लिखने में अंतर होना
- उत्तरपुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना

- उत्तरों पर सही का चिह्न (✔) लगाना किंतु अंक न देना। (सुनिश्चित करें कि ( ✔ ) या ( x ) का उपयुक्त चिह्न ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और बाकी गलत हो किंतु कोई अंक न दिए गए हों।

14. उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए, यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर ( x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

15. उत्तरपुस्तिका पर किसी प्रश्न का बिना जाँच किए छूट जाना, मुख्य पृष्ठ पर अंतरण न होना या प्राप्तांकों के योग में किसी त्रुटि का पता लगना मूल्यांकन कार्य से जुड़े सभी लोगों की छवि को और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है। इसलिए, सभी की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए यह फिर से दोहराया जाता है कि निर्देशों का सावधानीपूर्वक और विवेकपूर्ण तरीके से पालन किया जाए।

16. सभी मूल्यांकनकर्ता वास्तविक मूल्यांकन कार्य प्रारंभ करने से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित अवश्य हो जाएँ।

17. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जा चुका है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

18. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है। सभी मूल्यांकनकर्ताओं /अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ प्रधान परीक्षकों को एक बार फिर याद दिलाया जाता है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रत्येक उत्तर का मूल्यांकन अंक योजना में दिए गए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार ही किया जाए।

अंक–योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/4/1

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ')  कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | **खंड 'अ'**<br>**( बहुविकल्पी / वस्तुपरक प्रश्न )** | |
| 1 | 1 | प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :<br><br>भारत में फिलहाल बिजली ...................................... विकल्प आजमाए जाएँ। | 5x1=5 |
| | (i) | प्रश्न – राष्ट्रीय हरित ................................. भारत को :<br>उत्तर – (D) I और III सही हैं। | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – भारत को स्वच्छ ...................................... क्यों है?<br>उत्तर – (A) उत्पादन बढ़ाने और रोज़गार पैदा करने के लिए | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – भारत अपने .......................................... कर सकता है?<br>उत्तर – (C) ऊर्जा स्वावलंबन हासिल करके। | 1 |
| | (iv) | प्रश्न – कौन–सा कथन ............................... नहीं है?<br>उत्तर – (D) परमाणु बिजली को छोड़ देना चाहिए | 1 |
| | (v) | प्रश्न – कथन और कारण को .............................. चुनिए :<br>कथन - केंद्रीय मंत्रिमंडल .............................. मंजूरी दी है।<br>कारण - भविष्य की ज़रूरतों .............................. ज़रूरी है।<br>उत्तर – (C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है। | 1 |

अंक-योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/4/1

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | 2 | प्रश्न – निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : –<br><br>हे ग्राम देवता! नमस्कार!<br>...................... देवता! नमस्कार! | 5x1=5 |
| | (i) | प्रश्न – 'किसान स्वयं ............................... में आया है?<br>उत्तर – (B) जन कोलाहल से दूर कहीं<br>एकाकी सिमटा-सा निवास। | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – किसान को कवि ............................... कहा है?<br>उत्तर – (D) अपने श्रमबल से अन्न उपजाकर संसार का पेट भरने के कारण | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – किसान के .......................... है :<br>उत्तर – (C) ऊसर भूमि का हरे-भरे खेतों में बदलना | 1 |
| | (iv) | प्रश्न – अंतिम पद में ............................... वर्णन है?<br>उत्तर – (A) सहनशीलता - उदारता | 1 |
| | (v) | प्रश्न – कथन और कारण पर ............................... विकल्प चुनिए :<br>कथन - किसान को ............................... नहीं है।<br>कारण - किसान धन-दौलत ............................... उसका जीवन है।<br>उत्तर – (D) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है। | 1 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | 3 | प्रश्न – निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए – | 4x1=4 |
| | (i) | प्रश्न – महावीर प्रसाद द्विवेदी ............................ सरल वाक्य होगा :<br>उत्तर – (D) महावीर प्रसाद द्विवेदी केवल एक व्यक्ति न होकर संस्था थे। | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – जिस टोली के ............................ संयुक्त वाक्य होगा :<br>उत्तर – (B) टोली के अधिक बच्चे खिंच जाते हैं इसलिए टोली की हार होती है। | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – निम्नलिखित में ............................ वाक्य है :<br>उत्तर – (D) हमने देखा कि सामने वाले मैदान में हरी-हरी घास पर ओले गिर रहे थे। | 1 |
| | (iv) | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों ............................ विकल्प चुनकर लिखिए :<br>उत्तर – (C) II और IV | 1 |
| | (v) | प्रश्न – स्तंभ I और .................................. चयन करके लिखिए :<br>उत्तर – (B) 1-(III), 2-(I), 3-(II) | 1 |
| 4 | 4 | प्रश्न – निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 4x1=4 |

अंक–योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/4/1

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | (i) | प्रश्न – 'अध्यापक ने बराबर ........................... कर्मवाच्य होगा :<br>उत्तर – (A) अध्यापक द्वारा बराबर के फ़ासले पर दो पंक्तियाँ खींची गई। | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – 'उससे वहाँ ........................... का वाच्य है :<br>उत्तर – (C) भाववाच्य | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – 'एक चिड़िया हमारी ........................... उदाहरण है :<br>उत्तर – (B) कर्तृवाच्य का | 1 |
| | (iv) | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों में ........................... विकल्प चुनकर लिखिए :<br>उत्तर – (C) III और IV | 1 |
| | (v) | प्रश्न – स्तंभ - I को ........................... चयन करके लिखिए :<br>उत्तर – (D) 1-(III), 2-(I), 3-(II) | 1 |
| 5 | 5 | प्रश्न – निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पदों में से किन्हीं **चार** पदों के पद-परिचय के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए :<br><br>मैथिलीशरण गुप्त को साहित्यिक योगदान के लिए अनेक पुरस्कार मिले और उन्हें सराहा भी गया। | 4x1=4 |
| | (i) | प्रश्न – मैथिलीशरण गुप्त<br>उत्तर – (D) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक | 1 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |
| 5 | (ii) | प्रश्न – <u>अनेक</u><br>उत्तर – (C) संख्यावाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, पुरस्कार – विशेष्य | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – <u>मिले</u><br>उत्तर – (D) सकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, भूतकाल | 1 |
| | (iv) | प्रश्न – <u>उन्हें</u><br>उत्तर –(B) अन्यपुरुष वाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, आदरार्थक बहुवचन, कर्मकारक। | 1 |
| | (v) | प्रश्न – <u>भी</u><br>उत्तर – (A) निपात, 'सराहा' – पर बल दे रहा है। | 1 |
| 6 | 6 | प्रश्न – निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **<u>चार</u>** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : | 4x1=4 |
| | (i) | प्रश्न – 'सुबरन को ढूँढत ........................... में अलंकार है :<br>उत्तर – (A) श्लेष | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – 'प्रातहि जगावत ........................... अलंकार है?<br>उत्तर – (D) मानवीकरण | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – 'मानो माई घनघन .............................. कौन–सा अलंकार है?<br>उत्तर – (B) उत्प्रेक्षा | 1 |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6 | (iv) | प्रश्न – 'जिस वीरता से शत्रुओं .............................. में अलंकार निहित है :<br>उत्तर – (C) अतिशयोक्ति | 1 |
| | (v) | प्रश्न – निम्नलिखित में .......................... का उदाहरण है :<br>उत्तर – (D) कलियाँ दरवाज़े खोल–खोल<br>जब झुरमुट में मुस्काती हैं। | 1 |
| 7 | 7 | प्रश्न – निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए :<br><br>खेतीबारी करते, परिवार ...................................... उसी से गुज़र चलाते। | 5x1=5 |
| | (i) | प्रश्न – कथन और कारण ............................... सही विकल्प चुनिए :<br>कथन : बालगोबिन .............................. के थे।<br>कारण : गृहस्थ होते हुए ........................ व्यतीत करते थे।<br>उत्तर – (C) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – इस गद्यांश में बालगोबिन ........................... उल्लेख किया गया है?<br>उत्तर – (A) सत्यवादी, स्पष्टवक्ता, निष्ठावान | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – बालगोबिन .......................... मानते थे :<br>उत्तर – (D) गुरु | 1 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | (iv) | प्रश्न – बालगोबिन का कबीर .......................... कबीर की :<br>उत्तर – (C) स्पष्टवादिता और रूढ़ियों का विरोध | 1 |
| | (v) | प्रश्न – निम्नलिखित में से .......................... अनुरूप **नहीं** है?<br>उत्तर – (C) दो–टूक बात करने में संकोच करते। | 1 |
| 8 | 8 | गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित दो बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : | 2x1=2 |
| | (i) | प्रश्न – 'नेताजी का चश्मा' .......................... केन्द्र–बिंदु है :<br>उत्तर – (A) देशभक्ति | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – 'लखनवी अंदाज़' के .......................... क्यों लिया?<br>उत्तर – (C) नई कहानी के बारे में सोच सकने के लिए | 1 |
| 9 | 9 | प्रश्न – पठित पद्यांश पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए :<br><br>लखन कहा हसि ...................................... क्षत्रियकुल द्रोही।। | 5x1=5 |
| | (i) | प्रश्न – पद्यांश में लक्ष्मण .......................... कर रहे हैं?<br>उत्तर – (C) परशुराम को | 1 |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम ‘अ’) कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |
| 9 | (ii) | प्रश्न – लक्ष्मण ने ........................... तर्क दिए?<br>उत्तर – (C) I, II, III | 1 |
| | (iii) | प्रश्न – ‘परशुराम ने अपने ........................... क्या भाव है?<br>उत्तर – (D) वे कमज़ोर नहीं, फरसाधारी वीर हैं। | 1 |
| | (iv) | प्रश्न – परशुराम ने लक्ष्मण ........................... क्या तर्क दिया?<br>उत्तर – (A) वे बालक का वध नहीं करेंगे। | 1 |
| | (v) | प्रश्न – परशुराम ने अपने ........................... कहा :<br>उत्तर – (D) मैं बहुत विद्वान हूँ। | 1 |
| 10 | 10 | प्रश्न – पठित कविताओं के आधार पर बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : | 2x1=2 |
| | (i) | प्रश्न – ‘उत्साह’ कविता ........................... हैं :<br>उत्तर – (A) I, II | 1 |
| | (ii) | प्रश्न – ‘यह दंतुरित मुसकान’ कविता ........................... होता है?<br>उत्तर – (D) वात्सल्य | 1 |

अंक–योजना मार्च, 2024

प्रश्न पत्र 3/4/1

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | **खंड 'ब'**<br>**( वर्णनात्मक प्रश्न )** | |
| 11 | 11 | प्रश्न – गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **<u>तीन</u>** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए : | 3x2=6 |
| | (क) | प्रश्न – 'एक कहानी यह भी' से ........................... गया है और क्यों?<br>उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के आधार पर लिखेंगे कि यह कथन –<br><br>लेखिका की माँ के लिए कहा गया है। (½ अंक)<br><br>परीक्षार्थी प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए कोई <u>तीन</u> कारण लिखेंगे, जैसे –<br>• माँ का अपना कोई व्यक्तित्व नहीं<br>• पिता की हर आज्ञा तथा बच्चों की हर ज़िद को अपना फर्ज समझकर स्वीकार करना<br>• असीमित सहिष्णुता एवं त्याग की प्रवृत्ति<br>• अधिकारों के प्रति जागरूकता का अभाव (½+½+½=1½ अंक)<br>––––––––––<br>✳ पहले हिस्से का सही उत्तर और दूसरे में कोई भी दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर<br>अथवा<br>✳ पहले हिस्से का गलत उत्तर और दूसरे में कोई भी तीन उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1½ अंक)<br>––––––––––<br>✳ पहले हिस्से का सही उत्तर और दूसरे में कोई भी एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर | 2 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | अथवा<br>✳ पहले हिस्से का गलत उत्तर और दूसरे में कोई भी दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक)<br>----------<br>✳ पहले हिस्से का सही उत्तर और दूसरे में कोई भी बिंदु नहीं लिखने पर<br>अथवा<br>✳ पहले हिस्से का गलत उत्तर और दूसरे में एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (½ अंक)<br>----------<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 11 | (ख) | प्रश्न – बिस्मिल्ला खाँ के .......................... क्या महत्व है?<br>उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के आधार पर उपयुक्त उत्तर लिखेंगे, जैसे –<br>• ठुमरी, दादरा, टप्पे आदि सुनकर संगीत की प्रेरणा मिलना<br>• बचपन से ही संगीत की समझ बनना<br>• अन्य उपयुक्त उत्तर भी स्वीकार्य (2 अंक)<br>---------<br>✳ पाठ से केवल घटना बताने, महत्व न बताने पर (1 अंक)<br>---------<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| | (ग) | प्रश्न – कौसल्यायन जी ने .......................... कहा है?<br>उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के आधार पर कोई <u>दो</u> उपयुक्त बिंदु लिखेंगे, जैसे –<br>• नए आविष्कार अथवा तथ्यों को खोजने की प्रवृत्ति, योग्यता या प्रेरणा | 2 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • नए ज्ञान को खोजने की इच्छा या जिज्ञासु प्रवृत्ति<br>• मानवता के लिए कल्याण या त्याग की प्रवृत्ति<br>• अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य (1+1=2 अंक)<br>---------<br>✳ कोई एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक)<br>---------<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 11 | (घ) | प्रश्न – हम कैसे कह सकते .......................... आधार पर लिखिए।<br>उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के आधार पर उपयुक्त उत्तर लिखेंगे, जैसे –<br>• कैप्टन की मृत्यु का समाचार सुनाते समय पानवाले की आँखों में आँसू आ जाना साबित करता है कि वह उसका मित्र था।<br>• अन्य उपयुक्त उत्तर भी स्वीकार्य (2 अंक)<br>---------<br>✳ पाठ के आधार पर पानवाले के विषय में थोड़े–बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक)<br>---------<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| 12 | 12 | प्रश्न – निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए : | 3x2=6 |
| 12 | (क) | प्रश्न – उद्धव ने गोपियों को .......................... पसंद क्यों नहीं आया? | |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | उत्तर – परीक्षार्थी कविता के आधार पर <u>एक</u> उपयुक्त संदेश लिखेंगे, जैसे -<br>• योग का संदेश<br>• निर्गुण ब्रह्म का संदेश (1 अंक)<br>प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए परीक्षार्थी कोई <u>एक</u> उपयुक्त बिंदु लिखेंगे, जैसे –<br>• कृष्ण के प्रति एकनिष्ठ प्रेम और समर्पण का भाव<br>• संदेश शुष्क और नीरस<br>• संदेश कड़वी ककड़ी के समान<br>• विरह–वेदना बढ़ाने वाला (1 अंक)<br>(1+1=2 अंक)<br>----------<br>✳ प्रश्न के किसी भी एक भाग का उपयुक्त उत्तर देने पर (1 अंक)<br>----------<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| 12 | (ख) | प्रश्न – जयशंकर प्रसाद ने अपनी .......................... कारण गिनवाए हैं?<br>उत्तर – परीक्षार्थी कविता के आधार पर कोई <u>दो</u> उपयुक्त बिंदु लिखेंगे, जैसे -<br>• निजी जीवन को सार्वजनिक न करने की इच्छा<br>• जीवन सामान्य है, ऐसा कुछ विशेष नहीं, जिसे लिखा जाए<br>• जीवन की दुर्बलताओं के उल्लेख से दूसरों द्वारा सुख पाने की संभावना<br>• जीवन रिक्त, अभावों से भरा<br>• प्रवंचनाओं और दुर्बलताओं को सबके सामने न लाने की इच्छा<br>(1+1=2 अंक)<br>----------<br>✳ कोई एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक) | 2 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | ---------- <br> ✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 12 | (ग) | प्रश्न – ‘मुख्य गायक-गायिकाओं .......................... – स्पष्ट कीजिए। <br> उत्तर – परीक्षार्थी ‘संगतकार’ कविता के आधार पर कोई <u>दो</u> उपयुक्त बिंदु लिखेंगे, जैसे – <br> • मुख्य गायक की आवाज में अपनी आवाज मिलाकर उसे सशक्त बनाना <br> • कठिन तानों के बीच गायन को सँभाल लेना <br> • तार सप्तक में मुख्य गायक के थके हुए स्वर को सँभाल लेना <br> • मुख्य गायक को अकेला न पड़ने देना <br> • अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य (1+1=2 अंक) <br> ---------- <br> ✳ कोई एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक) <br> ---------- <br> ✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| 12 | (घ) | प्रश्न – निराला ने फागुन मास के .......................... वर्णन कीजिए। <br> उत्तर – परीक्षार्थी कविता के आधार पर अपने अनुभवों को <u>दो</u> बिंदुओं में लिखेंगे, जैसे – <br> • वातावरण पुष्पित एवं सुगंधित होना <br> • पेड़ों पर नए पत्ते/कोंपलें निकलना <br> • प्रकृति और परिवेश का नई उमंग और सौंदर्य से भर जाना <br> (1+1=2 अंक) <br> ---------- <br> ✳ एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक) | 2 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | ---------- <br> ✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 13 | 13 | प्रश्न – पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **<u>दो</u>** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए : | 2x4=8 |
| | (क) | प्रश्न – 'माता का अँचल' पाठ .......................... विचार भी लिखिए। <br> उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के आधार पर व्यक्तिगत दृष्टिकोण से <u>दो</u> अंतर लिखेंगे, जैसे – <br> • पाठ में वर्णित खेलों में सामूहिकता की भावना; आज के खेल व्यक्ति केंद्रित (जैसे भोलानाथ साथियों के साथ मिलकर खेलता था, आज बच्चे मोबाइल, कम्प्यूटर की अपनी स्क्रीन पर) <br> • पाठ में वर्णित खेल-सामग्री पारंपरिक और प्राकृतिक; आज की खेल सामग्री तकनीक, कृत्रिम संसाधनों और प्लास्टिक आदि की <br> • परिवेश में उपलब्ध चीज़ों से ही खेलना; बाज़ार से महँगी सामग्री खरीदना <br> • अन्य स्वतंत्र उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य (2+2=4 अंक) <br> ---------- <br> ✳ किसी एक भिन्नता को विस्तार से लिखने और दूसरे का संक्षिप्त उल्लेख करते हुए अपने उपयुक्त विचार लिखने पर <br> अथवा <br> दो भिन्नताओं का उल्लेख करते हुए अपने उपयुक्त विचार विस्तार से लिखने पर (3 अंक) <br> ---------- <br> ✳ किसी एक भिन्नता को विस्तार से लिखने पर | 4 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | अथवा<br>✳ दो भिन्नताओं का संक्षिप्त उल्लेख करने पर<br>अथवा<br>✳ पाठ के खेलों का वर्णन करने पर<br>अथवा<br>✳ आज के खेलों का वर्णन करने पर (2 अंक)<br>----------<br>✳ किसी एक भिन्नता का संक्षिप्त उल्लेख करने पर<br>अथवा<br>✳ पाठ के किसी एक खेल का वर्णन करने पर<br>अथवा<br>✳ आज के किसी एक खेल का वर्णन करने पर (1 अंक)<br>----------<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 13 | (ख) | प्रश्न – 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ .......................... संक्षेप में लिखिए।<br>उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के आधार पर पहाड़ी स्कूली बच्चों के बारे में **<u>दो</u>** बिंदु लिखेंगे, जैसे –<br>• कठोर जीवन - स्कूल के लिए दूर-दूर तक चलना<br>• शाम के समय अपनी माँओं के साथ पशुओं को चराना<br>• पानी भरना<br>• जंगल से लकड़ियों के भारी गट्ठर ढोना (1+1=2 अंक)<br><br>प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए परीक्षार्थी व्यक्तिगत दृष्टिकोण से <u>दो</u> बिंदुओं में | 4 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | स्वतंत्र एवं उपयुक्त उत्तर लिखेंगे। (1+1=2 अंक)<br>-----------<br>✳ पहले हिस्से का उत्तर विस्तार से एवं दूसरे का केवल एक बिंदु लिखने पर<br>अथवा<br>✳ पहले हिस्से का उत्तर संक्षेप में और दूसरे हिस्से के लिए दो बिंदु लिखने पर (3 अंक)<br>----------<br>✳ पहले हिस्से का उत्तर विस्तार से परंतु दूसरे हिस्से के लिए कोई बिंदु न लिखने पर<br>अथवा<br>✳ केवल दूसरे हिस्से के लिए दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (2 अंक)<br>----------<br>✳ किसी एक हिस्से के लिए थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक)<br>----------<br>✳ असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 13 | (ग) | प्रश्न – अज्ञेय जी ने किसी .......................... – स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर – परीक्षार्थी पाठ के आधार पर लेखन के कोई <u>दो</u> उपयुक्त कारण लिखेंगे, जैसे–<br>• आंतरिक विवशता से मुक्ति पाना<br>• बाहरी दबाव जैसे प्रकाशकों के तकाज़े, संपादकों के आग्रह<br>• आर्थिक विवशता (1+1=2 अंक)<br>प्रश्न के दूसरे हिस्से के लिए परीक्षार्थी पाठ के आधार पर कोई <u>दो</u> उपयुक्त बिंदु लिखेंगे, जैसे – | 4 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • आंतरिक विवशता से मुक्ति<br>• अपने लेखन के कारण को तटस्थ होकर पहचाना (1+1=2 अंक)<br>----------<br>✳ पहले हिस्से के लिए कोई दो बिंदु एवं दूसरे हिस्से के लिए एक बिंदु या सीमित उत्तर लिखने पर<br>अथवा<br>✳ पहले हिस्से के लिए कोई एक बिंदु एवं दूसरे हिस्से के लिए दो बिंदु लिखने पर (3 अंक)<br>----------<br>✳ दोनों हिस्सों के लिए एक-एक बिंदु अथवा किसी एक हिस्से के लिए दो बिंदु लिखने पर (2 अंक)<br>----------<br>✳ किसी एक हिस्से के लिए कोई एक बिंदु लिखने पर (1 अंक)<br>----------<br>✳ असंगत एवं निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 14 | 14 | प्रश्न – निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी **एक** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए: | 6 |
| | (क) | लड़की पढ़े तो घर शिक्षित हो जाए<br>संकेत-बिंदु<br>• आवश्यकता<br>• घर का शिक्षित होना<br>• समाज का शिक्षित होना | |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | (ख) | खेलें खेल, खेल-भावना से<br>संकेत-बिंदु<br>• खेल-भावना<br>• खेल अनुशासन की पहचान<br>• खेल वही जो मेल बढ़ाए | |
| | (ग) | विज्ञान के बढ़ते कदम<br>संकेत-बिंदु<br>• हर तरफ विज्ञान का बोलबाला<br>• सहज जीवन<br>• वैज्ञानिक उड़ान<br><br>उत्तर –<br>**<u>अनुच्छेद-लेखन</u>**<br>• भूमिका = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• निष्कर्ष = 1 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**<u>विशेष निर्देश</u>** :–<br>• दिए गए संकेत बिंदुओं को शामिल करते हुए यथोचित विषय-वस्तु लेखन, स्तरीय और रचनात्मक भाषा-प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द–सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। | |
| 15 | (क) | आप दीप्ति/प्रदीप हैं। ........................... 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। | 5 |
| | | **अथवा** | |
| | (ख) | आम मोहिनी/मोहित हैं। ........................... 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। | 5 |
| | | उत्तर – <br> **<u>पत्र-लेखन</u>** <br> • प्रारूप (आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ) = 1 अंक <br> • विषयवस्तु = 3 अंक <br> • भाषा–शुद्धता = 1 अंक | |
| | | **<u>विशेष निर्देश</u> :–** <br> • उपयुक्त प्रारूप होने पर ही पत्र माना जाए और अंक दिए जाएँ। <br> • प्रारूप और आरंभ–अंत की औपचारिकताओं में किसी तरह का रूढ़ बंधन तय नहीं किया जाए। (दाएँ–बाएँ, सेवा में आदि पर अतिरिक्त ध्यान न दिया जाए) <br> • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द–सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। <br> • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है। <br> • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16 | (क) | आप विवेक/वल्लरी हैं। ................................. संक्षिप्त स्ववृत्त लिखिए।<br><br>उत्तर –<br>**स्ववृत्त-लेखन**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा–शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश** :–<br>• व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षणिक योग्यताएँ आदि को शामिल कर यथोचित विषय–वस्तु लेखन, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर अधिकतम एक अंक ही काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द–सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br><br>**अथवा** | 5 |
| 16 | (ख) | आप दिनेश/सृष्टि हैं। ........................... 80 शब्दों में शिकायती ई–मेल लिखिए।<br>उत्तर –<br>**औपचारिक ई–मेल**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा–शुद्धता = 1 अंक | 5 |

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | **विशेष निर्देश :–**<br>• उपयुक्त प्रारूप होने पर ही ई–मेल माना जाए और अंक दिए जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द–सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |
| 17 | (क) | आप रूपेंद्र/रूपा हैं। ....................... विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए।<br>उत्तर –<br>**विज्ञापन-लेखन**<br>• रचनात्मकता + प्रस्तुति = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 2 अंक<br>• भाषा–शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश :–**<br>• विज्ञापन–लेखन में रंगों और चित्रों का प्रयोग अनिवार्य नहीं है। इसके लिए अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम आधा अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br><br>**अथवा** | 4 |
| | (ख) | आप शिक्षा/विदित हैं। ................................ 40 शब्दों में बधाई–संदेश लिखिए। | 4 |

| प्रश्न | उपभाग | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | उत्तर –<br><br>**<u>संदेश-लेखन</u>**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 2 अंक<br>• भाषा–शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश** –<br>• संदेश लेखन का कोई एक निश्चित प्रारूप नहीं है। परीक्षार्थी द्वारा किसी उपयुक्त प्रारूप के उपयोग पर ही अंक दिए जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द–सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम आधा अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | |